उत्तर प्रदेश शासन

वित्त (सामान्य) अनुभाग-3

संख्याःसा-3-789/दस-958-80
लखनऊ, दिनांक 23 अप्रैल, 1986

कार्यालय ज्ञाप

विषय : उत्तर प्रदेश कन्ट्रीब्यूटरी प्रोविडेन्ट फण्ड पेंशन इंश्योरेन्स रूल्स, 1948, उत्तर प्रदेश लिबरलाइज्ड पेंशन रूल्स, 1961 व उत्तर प्रदेश रिटायरमेन्ट बेनीफिट्स रूल्स, 1961 के नियम-11 के अन्तर्गत निर्धारित पेंशनों की धनराशि में से शासन के अंशदान/मृत्यु तथा सेवानिवृत्ति आनुतोषिक के पेंशन समतुल्य के बराबर की गई कमी का पुनर्स्थापन ।

उपर्युक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्यालय ज्ञाप संख्या सा-3-1393/दस-958-80 दिनांक 20 जुलाई, 1985 में यह आदेश जारी किये गये थे कि दिनांक 1 अगस्त, 1985 (अर्थात् जुलाई, 1985 की पेंशन जो 1-8-85, को देय हो) से की जा रही उपरोक्त कमी को पुनर्स्थापित कर दिया जाये किन्तु डेथ-कम-रिटायरमेन्ट ग्रेच्युटी के पेंशन समतुल्य धनराशि के बराबर कटौती की इस प्रकार पुनर्स्थापित धनराशि को पेंशन पर देय महंगाई राहत की गणना के लिये पेंशन का भाग नहीं माना जायेगा ।

2- उपरोक्त आदेशों के सम्बन्ध में शासन द्वारा पुनर्विचार किया गया है और सम्यक् परीक्षणोपरान्त राज्यपाल महोदय ने अब यह आदेश प्रदान किये हैं कि उपरोक्त शासनादेश दिनांक 20 जुलाई, 1985 का आंशिक अतिक्रमण करते हुए डेथ-कम-रिटायरमेन्ट ग्रेच्युटी के पेंशन समतुल्य धनराशि के बराबर कटौती की पुनर्स्थापित धनराशि को पेंशन पर देय महंगाई राहत की गणना के लिये पेंशन का भाग माना जायेगा । यह व्यवस्था उक्त शासनादेश में जारी आदेशों के अनुसार पुनर्स्थापित की तिथि से ही लागू मानी जायेगी ।

जे0 पी0 सिंह,
वित्त सचिव ।

संख्या सा-3-789(1)/दस-958-80

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1--महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।
2--समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
3--समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।
4--सचिवालय के समस्त अनुभाग ।
5--विधान सभा सचिवालय/विधान परिषद् सचिवालय ।
6--पेंशन अधिकारी, वित्त विभाग ।
7--निदेशक, सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को आवश्यक प्रचार हेतु ।

आज्ञा से,
वेद प्रकाश अग्रवाल,
संयुक्त सचिव ।

संख्या सा-3-789(ii)/दस-958-80

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित --

1-- श्री पी0 सी0 भाटिया, प्रेसीडेन्ट, फेडरेशन आफ यू0 पी0 पेंशनर्स एसोसियेशन, 53-सी-9, पार्क रोड, लखनऊ --226001।

2-- श्री डी0 पी0 मेहरोत्रा, अध्यक्ष, आल इंडिया आर्गनाइजेशन आफ पेंशनर्स, 113/20, स्वरूप नगर, कानपुर-2

3-- श्री एस0 पी0 पचौरी, यू0 पी0 राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद्, 343, राजेन्द्र नगर, पांचवांमार्ग, लखनऊ--226001।

4--श्री रघुनन्दन सहाय, जनरल सेक्रेटरी, गवर्नमेन्ट पेंशनर्सवेलफेयर आर्गनाइजेशन, बी-700, सेक्टर "सी", महानगर, लखनऊ---226006।

5--डा0 कु0 जे0 वी0 कवराजो अध्यक्ष, यू0 पी0 पेंशनर्स वेलफेयर एसोसियेशन, जैनव मंजिल, 56, न्यू चरनी रोड, बम्बई--400004।

आज्ञा से,
वेद प्रकाश अग्रवाल,
संयुक्त सचिव।

यी0 एस0 यू0 पी0-ए0 पी0 7 सा0 भाषा-13-5-86-(358)-1987-10,000(रो0)।